22/03/2024

आकाशवाणी ईटानगर

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन, इसरो ने आज सुबह कर्नाटक में चित्रदुर्ग परीक्षण रेंज पर अपने 'रीयूजेबल लॉन्च व्हीकल' **पुष्पक** की सफलतापूर्वक लैंडिंग की। इसरो के अध्यक्ष एस सोमनाथ ने सोशल मीडिया साइट एक्स पर एक संदेश में अंतरिक्ष यान के पूरी तरह से ऑटोमेटिक मोड में संचालन, लैंडिंग और ईंधन प्रबंधन के लिए टीम को बधाई दी। इसरो ने अंतरिक्ष यान आरएलवी-एलईएक्स-02 की सफल लैंडिंग के साथ नेविगेशन, नियंत्रण प्रणाली, लैंडिंग गियर और गति को कम करने वाली प्रणालियों के क्षेत्र में स्वदेशी प्रौद्योगिकियों को एक बार फिर से स्थापित किया है। इधर केंद्रीय सूचना और प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने 'रीयूज़ेबल लॉन्च व्हीकल' **पुष्पक** की सफल लैंडिंग पर इसरो के वैज्ञानिकों को बधाई दी है। श्री ठाकुर ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने एक बार फिर अंतरिक्ष क्षेत्र में नए आयाम हासिल करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि हमारे वैज्ञानिकों का समर्पण और नई सोच सराहनीय है और इससे देश को अंतरिक्ष के क्षेत्र में नई ऊंचाई हासिल करने में मदद मिलेगी।

0000000000000000000000

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल के टी परनाइक ने आज राजभवन में असम राईफल्स के छठा बटालियन को राज्यपाल प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। बटालियन के कर्तव्यनिष्ठा, अलर्ट ऑपरेशन ड्यूटी तथा जिला प्रशासन और स्थानीय लोगों के प्रति मदद और अच्छी तालमेल के लिए राज्यपाल ने असम राईफल्स के छठा बटालियन के सभी रैंक्स और कर्नल अमन अहलुवालिया की सराहना की।

0000000000000000000000

भारत ने हैती से अपने नागरिकों को निकालने के लिए ऑपरेशन इंद्रावती शुरू किया है। विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में बताया है कि आज 12 भारतीयों को निकाला गया। उन्होंने कहा कि भारत सरकार विदेशों में भारतीयों की सुरक्षा और भलाई के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

000000000000000000

राष्ट्रीय जांच एजेंसी, एनआईए ने साजिश, विस्फोटकों और आईईडी के निर्माण और वैश्विक आतंकी संगठन आईएसआईएस के लिए धन जुटाने में शामिल तीन लोगों पर आरोप पत्र दायर किया। कल एनआईए विशेष अदालत, पटियाला हाउस, नई दिल्ली के समक्ष आरोप पत्र दायर किया गया था। एजेंसी ने बताया कि आरोपी प्रतिबंधित आतंकी संगठन के भारत विरोधी एजेंडे को बढ़ावा देने में सक्रिय रूप से शामिल थे। जांच से पता चला कि वे इसकी चरमपंथी और हिंसक विचारधारा को बढ़ावा देने में भी शामिल थे।

000000000000000000

भाजपा ने आगामी लोकसभा चुनाव के लिए कल नौ उम्मीदवारों की अपनी तीसरी सूची जारी की है। केंद्रीय सूचना और प्रसारण राज्य मंत्री एल मुरुगन नीलगिरी लोकसभा सीट से चुनाव लड़ेंगे जबकि तेलंगाना के पूर्व राज्यपाल तमिलिसाई सुंदरराजन चेन्नई दक्षिण सीट से चुनाव लड़ेंगे। राज्य भाजपा प्रमुख के अन्नामलाई को कोयंबटूर लोकसभा क्षेत्र से मैदान में उतारा गया है। इससे पहले पार्टी ने आम चुनाव के लिए दो सौ सड़सठ उम्मीदवारों के नाम जारी किए थे।

0000000000000000000

अंतर्राष्ट्रीय वन दिवस के एक भाग के रुप में तेजु बंबूसा पुस्तकालय और रोईंग स्थित गैर सरकारी संगठन आमया ने कल तेजू में छात्रों के लिए नेचर ट्रेल का आयोजन किया। इस कार्यक्रम को विपरो अर्थिएन सामुदायिक व्यस्तता के अंतर्गत सामुदायों को पृथ्वी संसाधनों के संरक्षण के महत्व के बारे में जागरुक कराना था। विपरो अर्थिएन कार्यक्रम पर्यावरण जारुकता का प्रचार करना और युवा एवं सामुदायिक सदस्यों के बीच टिकाउ प्रथाओं को बढ़ावा देने के लिए समप्रित है, ताकि मनुष्य और प्रकृति के बीच सामंजस्यपूर्ण सह अस्थितत्व को सुनिश्चित करना है।

0000000000000

निर्वाचन आयोग लोकसभा चुनावों की तैयारियों में लगा है। स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव के लिए आयोग ने दो हजार एक सौ पर्यवेक्षकों की टीम तैनात की है। यह पर्यवेक्षक देशभर में जिला चुनाव अधिकारियों और रिटर्निंग अधिकारियों पर निगरानी रखेंगे।

00000000000000000

आज विश्व जल दिवस मनाया जा रहा है। स्वच्छ जल के महत्व को देखते हुए यह दिन हर वर्ष 22 मार्च को मनाया जाता है। विश्व जल दिवस लोगों, संगठनों और सरकारों को पानी से संबंधित तत्काल चुनौतियों का सामना करने के लिए एक मंच पर लाता है। यह दिन शैक्षिक कार्यक्रमों और समुदाय-संचालित अभियानों के माध्यम से सभी के लिए स्वच्छ पानी और स्वच्छता सुनिश्चित करने का प्रयास है।

इस वर्ष जल दिवस की विषय वस्तु **'समृद्धि और शांति के लिए जल'** है। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने पर्यावरण और विकास पर उन्नी सौ बानवे के संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन की सिफारिशों के बाद, उन्नीस सौ तिरानवें में बाईस मार्च को विश्व जल दिवस के रूप में घोषित किया था।

0000000000000000

इंडियन प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट आज से तमिलनाडु के चेन्नई में शुरू होगा। शुरूआती मैच पिछली बार की चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू के बीच होगा यह मैच चेन्नई के एमए चिदम्बरम स्टेडियम में रात 8 बजे से खेला जाएगा। इस बार चेन्नई सुपर चेन्नई सुपर किंग्स की कप्तानी अनुभवी खिलाडी महेन्द्र सिंह धोनी की जगह ऋतुराज गायकवाड करेंगे।

0000000000000000